राधे राधे रट ले रे सुबह शाम जप ले रे भजन लिरिक्स

राधे राधे रट ले रे,
सुबह शाम जप ले रे,
कट जायेंगे तेरे दोष रे।bd।

कृष्ण की है साधना ये,
शक्ति का रूप है,
पावन पुनीत नाम,
रूप ये अनूप है,
रसिकों ने रटा है,
संतों ने जपा है,
सच्ची है बात जरा सोच रे,
राधे राधे रट ले रें,
सुबह शाम जप ले रे,
कट जायेंगे तेरे दोष रे।bd।

जिसके भी होंठों पे,
राधा का नाम है,
उसके तो जीवन में,
हर पल आराम है,
नाम ये अनूठा है,
मिश्री सा मीठा है,
सच्ची है बात जरा सोच रे,
राधे राधे रट ले रें,
सुबह शाम जप ले रे,
कट जायेंगे तेरे दोष रे।bd।

बरसाने वाली की,
प्यारी सी सूरत है,
'चोखानी' राधा की,
कृपामयी मूरत है,
'शिवानंद' जपता है,
राधा राधा रटता है,
सच्ची है बात जरा सोच रे,
राधे राधे रट ले रें,
सुबह शाम जप ले रे,
कट जायेंगे तेरे दोष रे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

राधे राधे रट ले रे,
सुबह शाम जप ले रे,
कट जायेंगे तेरे दोष रे।bd।

Singer – Shivanand Chanchal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com